KMEH बना रेटिना सर्जरी के लिये राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण संस्थान

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राँची स्थित कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल को देश के राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा विट्रो रेटिनल सर्जरी में फेलोशिप अध्ययन के लिये मान्यता दी गई है।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही यह पूर्वी भारत में रेटिना सर्जरी के लिये एकमात्र राष्ट्रीय स्तर पर मान्यताप्राप्त प्रशिक्षण संस्थान बन गया है।
- राज्य में रेटिना सर्जरी की पहल का श्रेय भी कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल को ही जाता है। अस्पताल का रेटिना विभाग डॉ. विभूति कश्यप की देखरेख में चलाया जाता है, जो एम्स में प्रशिक्षित डबल एफ.आर.सी.एस. रेटिनल सर्जन हैं।
- इस अस्पताल में राज्य के सबसे ज़्यादा नेत्रहीन मरीज़ ठीक हुए हैं। आँखों की रेटिना की सर्जरी को आँखों की सबसे जटिल सर्जरी माना जाता है। यह आँखों का सबसे लंबा चलने वाला ऑपरेशन है।
- तीन साल पहले बिहार के झारखंड के कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में ही पहली बार रेटिना और आँखों की नसों की इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी जाँच की सुविधा भी शुरू की गई थी। यह परीक्षण वर्तमान में केवल कश्यप मेमोरियल नेत्र अस्पताल में उपलब्ध है।
- यह दिल के ईसीजी की तरह है और इस टेस्ट में किसी डाई का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। यह परीक्षण हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी, मधुमेह और रक्तचाप के रोगियों के लिये बहुत सुरक्षित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kmeh-becomes-national-level-training-institute-for-retina-surgery